


## मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु बैठक

**शहडोल,देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ केदार सिंह एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में मतदाता सूची के प्रकाशन एवं फोटो निर्वाचक नामावली प्रारूप प्रकाशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं किसी कारणवस छूटे हुए नाम को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान केन्द्र युक्तियुक्तकरण एवं प्रारूप्र प्रकाशन उपरांत गतिविधि की समय सारणी की जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि श्री विष्णुप्रताप सिंह, रविन्द्र वर्मा, अरफाना बेगम, श्री ललन पाशवन श्री रामनाथ यादव, श्री अमित खटोर उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल,देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत मैकी जनपद पंचायत सोहागपुर जिला शहडोल के बैगा बस्ती के समस्त बैगाओं ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत मैकी के बैगा बस्ती में पानी टंकी का काम चालू हुआ था किन्तु पानी टंकी को अधूरा बनाकर छो? दिया गया। है। जिस कारण से बैगा बस्ती के लोगों को पानी के लिए काफी समस्याओं का समना करना प? रहा है। उनका कहना था कि पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जाए एवं बैगा बस्ती में पानी उपलब्ध कराया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में श्री राजीव कुमार जायसवाल पिता श्री रामजियावन जायसवाल निवासी ग्राम भदवाही पोस्ट उचेहरा तहसील गोहपारू जिला शहडोल ने आवेदन देकर बताया कि मैं शासन के मापदण्डों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना की पत्रता में आता हूं। मैंने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए कई बार ग्राम पंचायत में आवेदन भी दिया है, जिसके बाद भी मुझे आज तक आवास योजना का लाभ नहीं दिलाया गया।

उनका कहना था कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए अन्य लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री आर. अंजली, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सार-समाचार

## योजनाओं से संबंधित कार्रवाई की होगी प्रत्येक सप्ताह समीक्षा

**शहडोल,देशबन्धु।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री आर अंजली ने आदेश जारी किया है कि मनरेगा,स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं राज्य ग्रामीण एवं आजीविका मिशन के कार्यों की प्रत्येक सप्ताह संबंधित प्रभारी अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा की जाएगी। जिसमें जनपद पंचायत स्तर के संबंधित योजना के प्रभारी अद्यतन जानकारी के साथ समीक्षा में शामिल होंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को आवास एवं मनरेगा की समीक्षा, मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन एवं पंचायती राज, बुधवार को एनआरएलएम एवं पीएम पोषण तथा मंगलवार एवं गुरुवार को पंचायत में बैठकर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक सप्ताह जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ ब्लॉक समन्वयकों की समीक्षा करेंगे, तथा ग्राम पंचायत में सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक निर्धारित दिवस में बैठकर ग्रामीणों की समस्या का निदान करना सुनिश्चित करेंगे।

## विधायक ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ



**शहडोल,देशबन्धु।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री घनश्याम जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, श्रीमती एंटोनियो एक्का, सीईओ श्री मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडे, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खिलाड़ियों सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक ने सद्भावना दौड़ को दिखाई हरी झंडी



**शहडोल,देशबन्धु।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की की जयंती के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण के खिलाड़ियों द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। सदभावना दौड़ को विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सदभावना दौड़ कलेक्टर कार्यालय से प्रारम्भ होकर महात्मा गांधी स्टेडियम पर समाप्त हुई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती एंटोनियो एक्का, सीईओमुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, खेल एवं युवा कल्याण के खिलाड़ी एवं कोच सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पत्रकार सिद्धार्थ अग्निहोत्री की माता का निधन

**ब्यौहारी,देशबन्धु।** बाणसागर क्षेत्र के पत्रकार सिद्धार्थ अग्निहोत्री की माता सुशीला अग्निहोत्री का निधन दिनांक 29/10/24 को 77 वर्ष



की आयु में संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा में बीमारी से हो गया वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी उनका अंतिम संस्कार 30 अक्टूबर को ग्रह ग्राम देवलोंद में किया जाएगा उनके निधन से ब्यौहारी-बाणसागर क्षेत्र में क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर छा गई समाजसेवियों, नेताओं एवं गणमान्य नागरिकों पत्रकारों द्वारा उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से रवि मिश्रा, डां अशोक तिवारी ,रामबरन पांडे, श्रीकांत पांडे राघवेंद्र तिवारी मयंक तिवारी दुर्गेश तिवारी, वीरेंद्र वैश, उमेश शुक्ला, धीरेंद्र सिंह ब्यौहारी-से संतोष शुक्ला,विनोद ताम्रकार, सतीश तिवारी ,अरूण तिवारी श्रीनिवास मिश्र अनहरा , विष्णू दास वैश्य, मोहम्मद फाखिर चांद, सूर्यभान यादव, विकास यादव सुभाष द्विवेदी बुढ़वा ,अनिल पांडे दीपक चतुर्वेदी सहित सैकड़ो लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



## सदभावना दौड़ का किया गया आयोजन, विधायक ने प्रदान की शील्ड

**शहडोल,देशबन्धु।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। सद्भावना दौड़ कलेक्टर कार्यालय से प्रारम्भ होकर महात्मा गांधी स्टेडियम पर समाप्त हुई। सदभावना दौड़ के बालिका वर्ग में सादिया अन्जुम ने प्रथम स्थान, एकता रजक ने द्वितीय स्थान एवं सपना गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बालक वर्ग में सुरेन्द्र सिंह ने प्रथम स्थान, हेमराज द्वितीय स्थान एवं रबी बैगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सदभावना दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बालक एवं बालिकाओं को विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने शील्ड प्रदान किया। नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती एंटोनियो एक्का, सीईओ मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे, खेल एवं युवा कल्याण के खिलाड़ी एवं कोच सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## लापरवाही बरतने पर प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**बालाघाट,देशबन्धु।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शैक्षणिक कार्यो में लापरवाही बरतने पर एक प्राथमिक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित के आदेश जारी किए है। शासकीय प्राथमिक शाला भसदेवाटोला संकुल शाउमावि भरवेली में कार्यरत प्राथमिक शिक्षक श्री सुरेन्द्र रंगारे के विरुध्द गत जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जिसमे बताया गया कि शिक्षक सुरेंद्र रंगारे द्वारा शैक्षणिक गतिविधियां समय सारणी अनुसार नहीं की जाती है।

वहीं नियमित रूप से उपस्थिति में अनियमितताए अपने अधीनस्थ अतिथि शिक्षिका के सात अभद्रता तथा महिला रसोईयां से भी अभद्र व्यवहार किया जाता है। शैक्षणिक कार्यो में इस प्रकार की अनुशासनहीनता एवं शासकीय कार्य में लापरवाही बरती जाने के फलस्वरूप कलेक्टर मीना ने प्राथमिक शिक्षक सुरेंद्र रंगारे के विरुध्द मप्र सिविल सेवा ;आचरणद्ध नियम 1965 के नियम.3 के उपनियम ;1द्ध ;2द्ध ;3द्ध का उल्लंघन एवं नियम विरुध्द आचरण की गई कार्यवाही।



## मुख्य मंत्री ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

**शहडोल,देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई साथ ही रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाई। उक्त कार्यक्रम को कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में लाइव चलाया गया।

इस दौरान एनआईसी कक्ष में कलेक्टर डॉ केदार सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिन्हा एवं जिला कराटे शहडोल एसोशिएशन के बालक, बालिका एवं कोच श्री अजय कुमार चौधरी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर कार्यालय में दिलाई गई शपथ

**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासकीय सेवकों को एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य




अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे। जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों में भी कार्यालय प्रमुखों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल,देशबन्धु।** कमिश्नर कार्यालय शहडोल में आज साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियें को दिए।



## वोकल फॉर लोकल को बढावा देने जनपद पंचायत अध्यक्ष ने खरीदे दीये व अन्य सामग्री

**शहडोल,देशबन्धु।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर वोकल फॉर लोकल को बढावा देने के लिए स्थानीय दुकानदारों से दीये व अन्य सामग्री खरीदी दें। इस वोकल फॉर लोकल का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है।

इसी क?ी में दीपावली, धनतेरश के पर्व के मददेनजर वोकल फॉर लोकल को बढावा देने के लिये जनपद पंचायत अध्यक्ष ब्यौहारी श्रीमती आकांक्षी प्रीतु सिंह ने ब्यौहारी बाजार में पहुंचकर फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों से दीये सहित अन्य सामग्रियां खरीदी तथा वोकल फॉर लोकल को बढावा देने का संदेश दिया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

### रन फार यूनिटी मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पन्ना,देशबन्धु।** स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149वीं जयंती आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर खेल और युवा कल्याण विभाग पन्ना के तत्वाधान में सुबह 7.30 बजे मैराथन दौ? का आयोजन किया गया। दौड़ में खिलाडियों सहित छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम से पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण कर मैराथन का समापन महेन्द्र भवन में हुआ। मैराथन के जरिए देश प्रेम की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। पूर्व मंत्री द्वारा मैराथन को रवाना करने के पहले राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई।




## मिट्टी दीये के उपयोग को दें प्रोत्साहन



**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने दीपावली पर्व पर ग्रामीणों एवं कुम्हारों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये के उपयोग को प्रोत्साहन देने तथा विक्रय के लिए बाजार एवं हाट में लाने पर किसी भी प्रकार की कर वसूली न करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि स्थानीय निकाय द्वारा मिट्टी दीये विक्रय के लिए आने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। मिट्टी के दिए का उपयोग पर्यावरण की दृष्टि से भी उपयुक्त है। इसलिए लोगों को इनके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। संबंधित अधिकारियों को आदेश का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## कटंगी के कटेरा से आकर तीन पीढ़ियां से बेच रहे हैं मिट्टी के दीये

**बालाघाट,देशबन्धु।** नगर के उत्कृष्ठ विद्यालय बालाघाट मैदान पर कटंगी के कटेरा से आकर मुरलीधर प्रजापति मिट्टी के उपयोगी और आकर्षक बर्तनों की तीन पीढ़ियों से दुकान लगाते आ रहें है। मुरलीधर ने बताया कि जब वे 30 वर्ष के थे तब उनके पिताजी श्री टोलूराम पेंटर मिट्टी के दी? बनाया करते थे। तब उनके कहने पर ही उत्कृष्ठ विद्यालय में लगभग 2004 में दीये लेकर आये और दुकान लगाकर कमाई करना शुरू किया था। अब मुरलीधर अपने बेटे हितेश कुमार के साथ कटेरा से आकर वही पर दुकान लगा रहें है। उन्होंने कहा कि शासन ने शुल्क में जो छूट दी है। वो छोटी जरूर है लेकिन एक कुम्हार के लिए मेहनत का बड़ा हिस्सा है। दिनभर धूप में विक्रय करने के बाद 20 या 50 रुपये देना बड़ा मुश्किल होता है। अगर एक सप्ताह तक दुकान लगाएं तो 200 या 300 से अधिक हो जाता है। जो हमारे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस बार यह दिवाली इसलिए भी खास है क्योंकि शासन द्वारा लोकल से वोकल का संदेश दिया है। जिसमें कुम्हारों को भी याद किया। इसी तरह महावीर गेट के पास ठेला लगाकर दीपक विक्रय कर रहे दीपक कोटाँगले और रजनी घाटे व शंकर प्रजापति ने भी शासन के इस निर्णय की सराहना की है।